Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to develop Panchkula, Haryana as a tourist place-laid.

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला): मैं आदरणीय पर्यटन मंत्री जी का ध्यान अपने लोकसभा क्षेत्र अंबाला के अंतर्गत पड़ने वाले पंचकूला जिला के विकसित हो रहे पर्यटन स्थल मोरनी हिल्स व टिक्कर ताल की ओर दिलाना चाहता हू, जो हजारों सालों से प्राचीन धरोहर के रूप में जाना जाता है । प्राचीन इतिहास के अनुसार ऐसा माना जाता है कि इस क्षेत्र के कालका, पिंजौर, रायतन, मोरनी हिल्स व टिक्कर ताल में पांडवों ने भी अपने वनवास का 1 वर्ष यहां बिताया था । अब हरियाणा सरकार ने इस क्षेत्र में मोरनी हिल्स के तालों में पैराग्लाइडिंग, मोटर वोटिंग जैसी गतिविधियां शुरू की है । जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में पर्यटकों का आवागमन बढ़ गया है । परंतु आज भी ऐसी बहुत सी सुविधाएं हैं जिनका अभाव इस स्थान पर दिखाई पड़ता है । आज यहां चार मार्गी सड़क बनाए जाने की जरूरत है, होटल इंडस्ट्री व शॉपिंग सेंटर विकसित किए जाने की जरूरत है ।

मैं, सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि यह हरियाणा राज्य में पड़ने वाला एकमात्र पहाड़ी क्षेत्र है और जी.टी.रोड़ पर 400-500 किलोमीटर के दायरे में यह अकेला इडवेंचरस स्थल उभर रहा है ।

मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि यहां हर प्रकार की सुविधाएं प्रदान कराकर इस क्षेत्र का विकास करें ।